समाचार–प्रकाशनार्थ :–

# स्वच्छता ही स्वस्थ्य जीवन की कुंजी है–निगम आयुक्त श्री झारिया

*नगर निगम के नेतृत्व में आजादी का अमृत महोत्सव के दूसरे दिन गीला–सूखा कचरा एकत्र करने वाले नागरिकों व रहवासी संघ के पदाधिकारियों का सम्मान किया गया*

रतलाम 28 सितम्बर । नगर निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने कहा कि स्वच्छता स्वस्थ्य जीवन की कुंजी है। हम अपने घर व आसपास के वातावरण को जितना स्वच्छ व सुंदर रखेगे उतना ही बीमारियों का खतरा दूर रहेगा। सभी को प्रयास करना चाहिए कि हमार, घर,दुकान कारखाना या जो भी संस्थान हो वहां गीला, सूखा, हानिकारक आदि कचरे का संग्रहण अलग–अलग ही करे और इसे कचरा संग्रहण के निर्धारित खानों में ही डाले।

संचालनालय नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के निर्देश पर मंगलवार को शहर के अनेकों वार्डो में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत आमजन को अलग–अलग कचरा संग्रहण करने की समझाईश देकर अमृत महोत्सव मनाया गया। इस मौके पर गांधी नगर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने नागरिकों से चर्चा की और अलग–अलग कचरा संग्रहण करने वाले नागरिकों को सम्मानित भी किया। मंगलवार को शहर के चारों झोनो में वार्ड नम्बर–1,25,34 व 36 सहित आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए गए।

आज सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले क्षेत्रों, डीए, मोहल्ला संघों और अन्य आवासीय संघों का सम्मान किया। इस मौके पर सफाई मित्र समूह की टीम ने विभिन्न वार्डो में नागरिकों के घर पहुच कर उन्हे कचरा पृथ्कीकरण की समझाईश दी और बताया कि घर व दुकानों का कचरा अलग–अलग डस्टबीनों में ही एकत्र करे और किसी भी परिस्थिति में इस कचरे को खाली प्लाटों या मैदानों में नही डाले। इस मौके पर गुलमोहर कालोनी संघ के अध्यक्ष बलवंतसिंह भाटी और टीआईटी रोड़ के स्वच्छता सिपाही श्री योगेश कावडियां को प्रमाणपत्र व शील्ड देकर सम्मानित भी किया गया।

इसी तरह द ग्रोइंग इण्डिया फाउन्डेशन के सदस्यों के साथ गांधी नगर क्षेत्र में पंहूचकर नागरिकों से जानकारी ली की वे अपने घरों में गीले एवं सूखे कचरे को अलग–अलग कचरा पात्रों में रखते है या नहीं।

इस दौरान श्रीमती शोभना, बिड़वान, श्री कृपाल दलोद, श्री ओम साहब बिड़वान, श्री नवीन फतरोड़, श्री विनोद कंडारे, श्रीमती आषा पैमाल, श्रीमती मनोरमा देवी जोषी द्वारा घरों में नियमित रूप से गीले एवं सूखे कचरे का पृथक्कीकरण करने व पृथक किये गये कचरे को निगम के कचरा संग्रहण वाहन के पृथक–पृथक भागो में डालने पर निगम आयुक्त श्री झारिया ने पुश्पगुच्छ व पुश्पमालाओं से सम्मान किया।

गांधी नगर क्षेत्र में निगम आयुक्त श्री झारिया ने कहा कि क्षेत्र के नागरिक स्वच्छता के प्रति काफी जागरूक है इसलिये गांधी नगर वार्ड को आदर्ष वार्ड बनाया जायेगा।

इस अवसर पर नागरिकों की मांग पर एमआईजी भवन के सामने की नाली दुरस्त कराने, उद्यान की बाउण्ड्रीवॉल व फेंसिग दुरस्त कराने व साफ सफाई किये जाने के निर्देश निगम आयुक्त श्री झारिया ने संबंधितों को दिये।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने इस अवसर पर नागरिकों से आव्हान किया कि वे खुले में कचरा ना डालें, अपने घरो एवं दुकानों से निकलने वाले गीले व सूखे कचरे के लिये पृथक–पृथक कचरा पात्रों का उपयोग करें, कचरा निगम के कचरा संग्रहण वाहन के पृथक–पृथक भागों में डाले, अपने घर, गली, मोहल्ले आदि को साफ–स्वच्छ रखकर रतलाम नगर को साफ, स्वच्छ व सुन्दर बनायें। उन्होने बताया कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत 29 व 30 सितम्बर को सार्वजनिक षौचालय सफाई हेतु जनभागीदारी अमृत उत्सव का आयोजन किया जायेगा।

इस अवसर पर कार्यपालन यंत्री व स्वच्छ भारत मिषन के नोडल अधिकारी श्री सुरेशचन्द्र व्यास, स्वास्थ्य अधिकारी श्री ए.पी. सिंह, झोन प्रभारी श्री पर्वत हाड़े, श्री शैलेन्द्र गोठवाल के

अलावा श्री कर्णधीर बडगोत्या, श्री हितेश पैमाल, श्रीमती किरण महावर, द ग्रोइंग इण्डिया फाउन्डेशन के सदस्य दिव्या प्रयास जोशी, मिली जोशी, श्रुति जाशी, शिवम्, सलोनी, कीर्ति, प्रयास, दीपिका आदि उपस्थित थे।

# मिनी स्मार्ट सिटी के कार्यो हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त

रतलाम 28 सितम्बर । मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना फेस–2 योजनान्तर्गत '' मिनी स्मार्ट सिटी'' का कार्य समय–सीमा में पूर्ण किये जाने हेतु निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने पृथक–पृथक नोडल अधिकारी नियुक्त किये है।

निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने मिनी स्मार्ट सिटी के पृथक–पृथक कार्यो हेतु रोड क्रमांक आर.आर. 1 गुजरात स्वीट्स से जुनियर रेलवे इंस्टीट्यूट तक, रोड क्रमांक आर.आर. 3 महाराणा प्रताप चौराहे से लोकेन्द्र टॉकिज तक (जीपीओ रोड) व रोड क्रमांक आर.आर. 4 शास्त्री नगर मेनरोड के कार्य समय–सीमा में पूर्ण किये जाने हेतु प्रभारी कार्यपालन यंत्री श्री सुरेशचन्द्र व्यास को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है उक्त तीनों रोड निर्माण हेतु पृथक–पृथक प्रभारी सहायक यंत्री व उपयंत्रियों को नियुक्त किया है।

# *अमरीश शर्मा को सेवा से बर्खास्त किये जाने का सूचना–पत्र*

रतलाम 28 सितम्बर । निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने आयुष्मान कार्ड बनाने की ड्यूटी पर अनुपस्थित रहने पर दैनिक वेतन भोगी कम्प्यूटर आपरेट अमरीश शर्मा का एक दिवस का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किये जाने का सूचना पत्र जारी किया।

# *28 सितम्बर को 81 टन कचरा जुलवानिया पंहूचा*

## *नगर से निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन किया जा रहा है वजन*

रतलाम 28 सितम्बर । निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार नगर निगम के कचरा संग्रहण वाहनों के माध्यम से घर–घर से पृथक–पृथक एकत्रित किया जा रहे गीले–सूखे कचरे व सड़को व नाले–नालियों की सफाई के दौरान निकलने वाले कचरे का प्रतिदिन वजन किया जाकर जुलवानिया ट्रेचिंग ग्राउण्ड पर पंहूचाया जा रहा ह जिसके तहत 28 सितम्बर मंगलवार को 81 टन कचरा जुलवानिया ट्रेचिंग ग्राउण्ड पर पंहूचाया गया।

28 सितम्बर मंगलवार को डम्पर से 27760, ट्रेक्टर से 6610, काम्पेक्टर सूखा कचरा 23625 व गीला कचरा 23180 किलो इस तरह कुल 81175 किलो कचरा जुलवानिया ट्रेचिंग ग्राउण्ड पंहूचाया गया।

## *1367 मवेशियों को पकड़कर नगर के बाहर की गौशालाओं में भेजा*

## *स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को रात्रि में भी पकड़ा जायेगा*

रतलाम 28 सितम्बर । रतलाम नगर को साफ–स्वच्छ व सुन्दर बनाने हेतु नगर निगम द्वारा सार्वजनिक स्थानो, सड़को, चौराहों पर स्वच्छंद विचरण करने वाले मवेशियों को दिन में पकड़े जाने के साथ ही निगम आय्क्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा अब रात्री में भी मवेशियों को पकड़ा जायेगा क्योंकि मवेशी पालको द्वारा दिन में मवेशियों को बांधकर रखा जाता है तथा रात्रि में खुला छोड़ दिया जाता है जिससे शहर में गंदगी होती है।

कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री कुमार पुरूषोत्तम व निगम आय्क्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार स्वास्थ्य अमले द्वारा अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत 28 सितम्बर तक शहर के विभिन्न क्षेत्रों से 1367 मवेशियों को पकड़ा जाकर जिले की विभिन्न गौशालाओं में भेजा गया। अभियान के तहत 28 सितम्बर

को महू रोड, सैलाना रोड, मित्र निवास रोड आदि क्षेत्रों से 5 मवेशियों को निगम के स्वास्थ्य विभाग अमले द्वारा पकड़ा गया।

## *अनुमति के बिना मुख्य सड़कों के किनारे निर्माण प्रारंभ पाये जाने पर नगर निगम करेगा तोड़ने की कार्यवाही*
### *15 हजार रूपये प्रति घंटे के मान से तोड़ने की राशि होगी वसूल*

रतलाम 28 सितम्बर । शहर की मुख्य सड़के सैलाना रोड, सागोद रोड, महू रोड, स्टेशन रोड सहित अन्य सड़को के किनारे नगर निगम की बिना अनुमति के निर्माण प्रारंभ पाये जाने पर उन्हे तोड़ने की कार्यवाही निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार गठित दलो के द्वारा प्रारंभ की जा रही है साथ ही संबंधितों से 15 हजार रूपये प्रति घन्टे के मान से तोड़ने की राशि वसूल की जायेगी।

निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया नगर निगम के गठित दलो को निर्देशित किया है शहर की मुख्य सड़कों के किनारे नगर निगम की बिना अनुमति निर्माण प्रारंभ पाये जाने पर तोड़ने की कार्यवाही प्रतिदिन की जाये व संबंधितों से 15 हजार रूपये प्रति घन्टे के मान से तोड़ने की राशि वसूल की जाये।

नगर निगम द्वारा बिना अनुमति के निर्माण तोड़ने की कार्यवाही की जा रही है नागरिकों से अपील ह कि वे अनुमति के बिना निर्माण कार्य ना करें।

### *डेंगू से बचाव हेतु प्रत्येक झोन में एक–एक डबल बैरल फॉगिंग मशीन से कीटनाशक दवा का छिड़काव निरंतर जारी*

रतलाम 28 सितम्बर। कलेक्टर एवं निगम प्रशासक श्री कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार नागरिकों को मच्छर जनित डेंगू व मलेरिया जैसी बीमारी से बचाव हेतु नगर प्रत्येक झान में एक–एक डबल बैरल फॉगिंग मशीन से कीटनाशक दवा का छिड़काव का कार्य निरंतर जारी है।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने इस अवसर पर बताया कि शहर में बढ़ रहे डेंगू व मलेरिया जैसी मच्छर जनित बीमारियों पर नियंत्रण हेतु कलेक्टर एवं निगम प्रशासक श्री कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार प्रत्येक झान में एक–एक डबल बैरल फॉगिंग मशीन से नगरनिगम व मलेरिया विभाग द्वारा रूट चार्ट अनुसार सुबह 05:30 से 08:00 बजे तक व शाम को 06:00 से रात 10:00 बजे तक किया जा रहा है साथ ही प्रत्येक वार्ड में एक–एक हैण्ड स्प्रे मषीन से भी कीटनाशक दवा का छिड़काव किया जा रहा है।

## *1430 हितग्राही पीएम स्वनिधी के ब्याज मुक्त ऋण से लाभान्वित हुए*
### *पथ विक्रेता 10 व 20 हजार का ब्याज मुक्त ऋण प्राप्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत करें*

रतलाम 28 सितम्बर । नगरीय क्षेत्र रतलाम के ऐसे पंजीकृत एवं पात्र पथ विक्रेता जिन्हे प्रथम कार्यशील पूंजी हेतु ब्याज मुक्त ऋण प्राप्त नहीं हुआ है तथा जिन्होने प्रथम कार्यशील पूंजी का ऋण जमा करा दिया है उन्हे संकल्प से सिद्धी विशेष अभियान के तहत 10 व 20 हजार का ब्याज मुक्त ऋण उपलब्ध कराने हेतु नगर निगम द्वारा निगम के झोन कार्यालयों पर ऑन लाईन आवेदन भरे जा रहे हैं।

निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने बताया कि प्रथम कार्यशील पूंजी हेतु राशि रूपये 10,000/– ब्याज मुक्त ऋण हेतु 2696 हितग्राहियों द्वारा आवेदन पस्तुत किये गये है जिसमें

से 1549 आवेदन स्वीकृत किये जा चुके है तथा 1400 हितग्राहियों को ऋण उपलब्ध कराया गया है। इसी तरह द्वितीय कार्यशील पूंजी हेतु राशि रूपये 20,000/— ब्याज मुक्त ऋण हेतु 58 हितग्राहियों द्वारा आवेदन प्रस्तुत किये गये है जिसमें से 51 आवेदन स्वीकृत किये जा चुके है तथा 30 हितग्राहियों को ऋण उपलब्ध कराया गया है।

नगर निगम द्वारा नगरीय क्षेत्र रतलाम के पथ विक्रेताओं से अपील की जाती है कि जिन्हे प्रधानमंत्री स्वनिधी योजना अन्तर्गत राशि रूपये 10,000/— का ऋण प्राप्त नहीं हुआ है तथा एसे पथ विक्रेता जिन्हे प्रथम कार्यशील पूंजी राशि रूपये 10,000/— का ब्याज मुक्त ऋण प्राप्त हो चुका है व जमा करा दिया है वे द्वितीय कार्यशील पूंजी राशि रूपये 20,000/— का ब्याज मुक्त ऋण प्राप्त करने हेतु नगर निगम के झोन कार्यालय अलकापुरी कम्युनिटी हॉल, डॉ0 अम्बेडकर मांगलिक भवन पोलोग्राउण्ड, अमृत सागर उद्यान व हरमाला पम्प हाउस कार्यालय में कायालयीन समय में उपस्थित होकर शीघ्र ऑन लाईन आवेदन प्रस्तुत करें।

ऑन लाईन आवेदन प्रस्तुत करने हेतु पथ विक्रेता को आवश्यक दस्तावेज के रूप में बैंक पास बुक, आधार कार्ड, पथ विक्रेता पंजीयन कार्ड व आधार लिंक से मोबाईल नम्बर साथ लाना होगा।

# *नागरिक व दुकानदार कोविड अनुकूल व्यवहार का पालन करें*

रतलाम 28 सितम्बर । कलेक्टर एवं प्रशासक नगर पालिक निगम रतलाम श्री कुमार पुरूषोत्तम के निर्देशानुसार रतलाम जिले में कोरोना 2019 संक्रमण को नियंत्रण करने हेतु कोविड अनुकूल व्यवहार अनिवार्य किया गया है।

निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने नागरिकों, दुकानदारो, व्यावसायिक प्रतिष्ठान मालिकों से अपील की है कि सही तरीके से मास्क लगायें एवं सोशल डिस्टेंसिंग का पालन अनिवार्य रूप से करें। दूकानों एवं सार्वजनिक स्थानों में 6 नागरिकों से अधिक लोग एकत्रित नहीं होवें। नियमों का पालन अनिवार्य रूप से कर कानूनी कार्यवाही से बचें।

## *गीला व सूखा कचरा पृथक—पृथक नहीं लेने पर कर्मचारियों के विरूद्ध होगी कार्यवाही*

रतलाम 28 सितम्बर। निगम आयुक्त श्री सोमनाथ झारिया ने कचरा संग्रहण वाहन के ड्रायवर, हैल्पर, वार्ड प्रभारो व झोन प्रभारियों को निर्देशित किया है कि वे नगर के प्रत्येक घर, दुकान आदि से प्रतिदिन गीला व सूखा कचरा पृथक—पृथक कचरा संग्रहण करना सुनिश्चित करें अन्यथा ड्रायवर, हैल्पर, वार्ड प्रभारी व संबंधित झोन प्रभारी पद से हटाने व बर्खास्त किये जाने की कार्यवाही की जायेगी।

निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देषित किया यदि किसी भी वार्ड में मिक्स कचरा लेते हुए या कचरा संग्रहण वाहन में मिक्स कचरा डालते हुए पाये जाने पर संबंधित कर्मचारी को पद से हटाने व सेवा से बर्खास्त किये जाने को कार्यवाही की जायेगी। इसके अलावा उन्होने निर्देशित किया कि प्रत्येक वार्ड के प्रत्येक घर, दुकान, गुमटी आदि से प्रतिदिन पृथक—पृथक कचरा लिया जाये।

प्रत्येक वार्ड के प्रत्येक घर, दुकान, गुमटी आदि से प्रतिदिन पृथक—पृथक कचरा लिये जाने हेतु निगम आयुक्त श्री झारिया ने निर्देशित किया कि दोनो पालियों में वार्ड में कचरा संग्रहण वाहन जायेंगे तथा जब तक पुरे वार्ड से 100 प्रतिशत कचरा संग्रहित नहीं कर लिया जाता तब तक वाहन निगम के वर्कशॉप में जमा ना करायें। निगम आयुक्त श्री झारिया ने वार्ड प्रभारी व झोन प्रभारी को निर्देशित किया है कि वे प्रतिदिन प्रमाणित करेंगे कि उनके वार्ड से 100 प्रतिशत कचरा उठ चुका है।

*वार्ड में गंदगी पाई गई तो झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व सफाई संरक्षक के विरूद्ध होगी कार्यवाही*

रतलाम 28 सितम्बर । स्वच्छ सर्वेक्षण–2021 में रतलाम नगर को स्वच्छता के क्षेत्र में नम्बर–1 बनाने हेतु नगर निगम दृढ़ संकल्पित है, जिसके तहत वार्डो की सड़क, गली, सार्वजनिक स्थल, नाले–नालियों आदि समुचित सफाई हेतु झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व वार्ड के सफाई संरक्षक पाबंद है। वार्डो में गंदगी, कचरे के ढेर, नाले–नालियों में कचरा पाये जाने पर संबंधितों को हटाने की कार्यवाही की जायेगी।

वार्डो की समुचित साफ–सफाई का दायित्व झोन प्रभारी, वार्ड दरोगा व सफाई संरक्षकों का दायित्व है वे अपने कर्तव्य का निर्वहन पुरी निष्ठा एवं ईमानदारी करें यदि वार्डो में साफ–सफाई नहीं पाई जाती है तो संबंधितों को हटाने की कार्यवाही की जायेगी।

समाचार/ज.सं.वि./हेमन्त/28.09.2021/न.पा.निगम, रतलाम.